# झारखण्ड लोक सेवा आयोग

सर्कुलर रोड, राँची – 834001

## विज्ञापन

ऑनलाईन (Online) आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि–10.08.2020

विज्ञापन संख्या–04/2020

### नगर विकास एवं आवास विभागान्तर्गत सहायक नगर निवेशक के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति परीक्षा।

झारखण्ड राज्य के नगर विकास एवं आवास विभाग के अन्तर्गत सहायक नगर निवेशक के पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के पत्रांक–474 दिनांक–24.01.2020 द्वारा प्राप्त अधियाचना के अनुरूप संसूचित रिक्तियों के आधार पर इच्छुक एवं अर्हताधारी भारतीय नागरिकों से विहित–प्रपत्र में Online आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं जो आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।

| क्र0 सं0 | पद का नाम | कुल पद | कोटिवार रिक्तियाँ | | | | | | क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत प्रवर्ग कोटि का विवरण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अ0ज0जा0 | अ0जा0 | अ0पि0व0 (अनु0–I) | पि0व0 (अनु0–II) | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) | महिला | खेल कूद | दिव्यांग: दृष्टि निःशक्तता (क) | दिव्यांग: श्रवण निःशक्तता (ख) | दिव्यांग: चलन निःशक्तता (ग) | (घ) स्वलीनता **(Autism)**, बौद्धिक निःशक्तता, सीखने की विशेष अक्षमता एवं मानसिक रोगी, और, या (ङ) बहु निःशक्तता **(Multiple disabilities)** जो (क) से (घ) के बीच में निःशक्तता के विभिन्न स्थितियों के मिलने से हो, यह स्थिति अंधापन एवं बहरापन के मिलने से आ सकता है। |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1. | सहायक नगर निवेशक | **77** | 32 | 20 | 08 | 06 | 04 | 07 | 04 | -- | 01 | 01 | 01 | 01 |

**नोटः– कोटिवार रिक्तियों की संख्या घट–बढ़ सकती है।**

2. **वेतनमान** – **PB-II, रू0 9300–34800 ग्रेड वेतन रू0 – 5400 (level-9)**
3. **पद** – स्थायी
4. **परीक्ष्यमान अवधि** – 2 (दो) वर्ष
5. **अनिवार्य शैक्षणिक अर्हत्ता :–**

| पद | | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | | |
|---|---|---|---|---|
| | | स्नातक | स्नातकोत्तर | सम्बद्धता |
| **सहायक नगर निवेशक** | A | (i) वास्तुकला<br>(ii) बी0 प्लानिंग<br>(iii) असैनिक अभियंत्रण | निम्नांकित में से किसी एक विषय में विशिष्टिकरण के साथ मास्टर ऑफ प्लानिंग :–<br>(i) अर्बन प्लानिंग<br>(ii) ट्रान्सपोर्ट प्लानिंग<br>(iii) हाउसिंग<br>(iv) पर्यावरण प्लानिंग<br>(v) क्षेत्रीय प्लानिंग | इन्स्टिट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स (इंडिया), नई दिल्ली से साहचर्य सदस्यता प्राप्त। |

